Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Lung Disease Study in J & K and increasing Pet Scan, MRI Diagnostic facilities for early detection.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग): चेयमैन साहब, हाल ही में SKIMS Institute में कांफ्रेंस हुई, जिसमें यह कहा गया कि जम्मू-कश्मीर में lung disease का बड़ा भारी बर्डेन है । श्रीनगर में लंग कैंसर की घटना मुल्क में सबसे ज्यादा होती है । यह बड़ा संगीन मामला है । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इसकी in-depth तहकीकात की जाए । इस बड़े इन्सिडेंस के क्या वजुहात हैं, उसके बारे में कहा जाए ।

दूसरी बात यह जाना जाए कि श्रीनगर के मुजाफात में जो दर्जन भर सीमेंट फैक्ट्रीज और लाइमस्टोन माइंनिंग हो रहे हैं, उनके dust-pollution का इसमें क्या रोल है? इसके लिए क्या उपाए किए जाएं, ताकि उसे रोका जाए ।

सर, early detection बड़ा अहम बन जाता है । श्रीनगर में diagnostic facilities कम हैं । एक PeT Scan एक करोड़ लोगों के लिए है । मेरी यह गुजारिश होगी कि अनंतनाग में PeT Scan

और MRI लगाई जाए, ताकि early detection हो । इसके बारे में जो भी वजूहात हैं, यह श्रीनगर में सबसे ज्यादा हुआ है, वे वजूहात भी जाहिए की जाएं ।